17/10/23

**दिनांक 13.10.2023 को जिलाधिकारी महोदय, हमीरपुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति, हर घर जल ग्राम घोषित किये जाने तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध मे समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता मे दिनांक 13.10.2023 को भारत रत्न डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कक्ष, कलेक्ट्रेट हमीरपुर में सम्पन्न हुई, जिसका अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक– 16.10.2023 को किया गया। समीक्षा बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें–

1. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), हमीरपुर।
2. श्री शैलेन्द्र, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण निगम खण्ड, राठ।
3. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा।
4. श्री आशीष बाजपाई, सहायक अभियन्ता (इले./मैके.), एस0डब्लू0एस0एम0, हमीरपुर।
5. श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, डी0टी0एल0, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0), हमीरपुर।
6. श्री रामा कृष्न शुक्ल, सुपरविजन इंजीनियर, आरवी एसोसिएट्स (पी0एम0सी0), हमीरपुर।
7. श्री एस0हुसैन बाशा, प्रोजेक्ट मैनेजर, एस0पी0एम0एल0–जे0डब्लू0आई0एल0(जेवी)।
8. श्री अभिषेक कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0(जेवी), हमीरपुर।
9. श्री सूजा अब्बास, इंजीनियर, मै0 नरेंद्र कुमार गुप्ता कान्ट्रैक्टर।
10. श्री सोनू कुमार, मै0 अनिल कुमार।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, बी0के0 कन्सट्रक्शन।
12. श्री आशुतोष कुमार सिंह, इंजीनियर, जय माँ लक्ष्मी कन्सट्रक्शन
13. श्री अशोक कुमार, डी0पी0एम0 श्री हरि इन्फ्रा प्रोजेक्टस।

ADM(N/G)

DM 17/10/23



अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हमीरपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 02 पेयजल योजना–(1) **पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत)**, आच्छादित 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है **(2) हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना** निर्माणाधीन हैं। हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 02 परियोजनाएं–**(i)** हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना सतही स्त्रोत **(ii)** हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना, नलकूप आधारित संचालित हैं, जिनमें कुल 193 ग्राम सम्मिलित हैं तथा 11 ग्रामों में वाटर डिमांड ली गयी है।

**पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना**

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का विस्तृत प्राक्कलन एस0डब्लू0एस0एम0 लखनऊ स्तर पर आमंत्रित निविदा प्रक्रिया वर्ष 2020 मे किया गया तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त 05.12.2020 को अनुबन्ध गठन हुआ, परियोजना दिसम्बर, 2022 तक पूर्ण किया जाना था, जिसका विस्तारीकरण एस0डब्लू0एस0एम0 लखनऊ द्वारा समय–समय पर किया गया है। पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना में 131 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं 17 राजस्व ग्राम में वाटर डिमांड ली गयी है, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। उपरोक्त परियोजना में 01 इन्टेकवेल, 01 डब्लू0टी0पी0, 10 सी0डब्लू0आर0, 46 अवर जलाशय 306.63 किमी0 राइजिंगमेन,



Scanned with OKEN Scanner

908.886 किमी0 वितरण प्रणाली तथा 47940 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्न है:-

**इन्टेक वेल:-** फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम पत्यौरा डांडा के पास इन्टेकवेल (45 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना है। इन्टेकवेल का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पंप रूम, एप्रोज ब्रिज तथा विद्युत यांत्रिक का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

**डब्लू0टी0पी0:-** फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि डब्लू.टी.पी. (45 एम0एल0डी0) पत्यौरा डांडा का निर्माण कार्य किया जा रहा है, डब्लू.टी.पी. का सिविल कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा बाउन्ड्रीवाल का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष प्रगति पर है। विद्युत यांत्रिक के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं तथा इन्टरनल डेवलपमेन्ट के कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि डब्लू.टी.पी. कैम्पस के अन्दर जो भी कार्य अवशेष हैं, उन्हे यथाशीघ्र स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण करायें।

**सी0डब्लू0आर0:-** फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 10 नग सी0डब्लू0आर0 के सापेक्ष सभी सी.डब्लू.आर. (पत्यौरा, पचखुरा, मिहुना, कलौलीतीर, भवानी, चॉदीकलां, भैसमरी, छिरका, चन्द्रपुरवा बुजुर्ग तथा मकरांव) का सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है। योजना में 08 मीटर रूम का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी मीटर रूम का कार्य पूर्ण हो गया है। 10 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 08 नग पम्प हाउस पत्यौरा, पचखुरा, छिरका, भैंसमारी, चॉदीकला, मिहुना, भवानी का सिविल तथा विद्युत यांत्रिक कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष 02 नग पम्प हाउस मकरॉव तथा चन्दपुरवा बुजुर्ग का कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के पास पर्याप्त मानव श्रम न होने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। जिलाधिकारी महोदय ने कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि निर्धारित मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार अवशेष कार्यो तथा फिनिशिंग कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा पूर्ण किये गये सी0डब्लू0आर0 को एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा निर्धारित कलर कोड के अनुसार कलर कराया जाय। फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि 31.10.2023 तक शेष 02 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

**अवर जलाशय:-** फर्म SPML-JWIL(JV) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में 46 नग अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसमें कुल 22 अवर जलाशयों में (उड़दना, फतेहपुरवा, परोहरी, बिगेहना, छिरका, भमरौली, पासून, तिलसरस, कैथी, सौखर, खदरा डेरा, चॉदीकलां, बैजेमऊ, कालीमाटी, परेहटा, धुन्धपुर, भमौरा, सिलौली, भवानीपुर एवं पत्यौरा का टॉप डोम कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष 24 नग अवर जलाशयों का कार्य प्रगति पर है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि माह नवम्बर, 2023 तक अवशेष अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा है। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा बताया गया कि वर्तमान में मानवश्रम के आभाव में 09 नग अवर जलाशयों अरतरा, जिगनौड़ा, उजनेडी, रतौली, दरियापुर, मोरा कान्दर, मकरॉव, अतरार, उपरी सायर पर कार्य बन्द है तथा पूर्ण किये गये सभी अवर जलाशयों में पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवर जलाशयों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म जे.डब्लू.आई.एल. के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि सभी अवर जलाशयों पर पर्याप्त टीमें लगाकर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें, जिन अवर जलाशयों में पाइप फिटिंग का कार्य शेष है, पाइप फिटिंग का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं एस0डब्लू0एस0एम0 द्वारा निर्धारित कलर कोड के अनुसार अवर जलाशयों को कलर कराया जाय तथा पेयजल की आपूर्ति अवर जलाशयों के माध्यम से कराई जाय। शेष 12 नग अवर जलाशयों का कार्य अक्टूबर, 2023 तक तथा 12 अवर जलाशयों का कार्य नवम्बर, 2023 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणाली:-** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306.63 किमी0 के सापेक्ष 305.26 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य तथा प्रस्तावित वितरण प्रणाली 908.886 किमी0 के सापेक्ष 907.47 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा बताया गया कि राइजिंगमेन बिछाये जाने के कार्य का सत्यापन कराने पर पाया गया कि अभी 35 किमी0 पाइप बिछाये जाने का कार्य अवशेष है तथा फर्म द्वारा ग्रामों में गैप क्लोजिंग का कार्य नहीं किया गया है, जिससे कमिशनिंग कार्य में विलम्ब हो रहा है। विगत 02 सप्ताह से कार्य में प्रगति शून्य है, कार्यदायी एजेंसी के पास पर्याप्त मानवश्रम न होने के कारण कार्य में विलम्ब हो रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइपलाइन बिछाये जाने की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि पाइप लेइंग हेतु पर्याप्त टीमें लगाते हुये अवशेष पाइप लाइन तथा गैप क्लोजिंग का कार्य माह अक्टूबर, 2023 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 जॉच कर लें कि पाइप लेइंग हेतु कितनी टीमें लगायी गयी



Scanned with OKEN Scanner

हैं तथा अवशेष कार्य को इस माह तक पूर्ण करने हेतु कितनी और टीमों की आवश्यकता है, कार्यदायी फर्म के माध्यम से पर्याप्त टीमें लगाना सुनिश्चित किया जाय।

**FHTC कनेक्शनः–** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTC के सापेक्ष 45125 नग MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया कि विगत 02 सप्ताह से गृह नल संयोजन कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है, निर्धारित लक्ष्य को गम्भीरता से लेते हुए पर्याप्त टीमों व मशीनरी को "राउण्ड द क्लाक" 24 घंटे दिन और रात्रिकालीन शिफ्टों में कार्यस्थलों पर लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप तथा कार्ययोजना के अनुसार अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0 टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि नल संयोजन पूर्ण किये गये ग्रामों में सत्यापन करा लें कि कोई मोहल्ला/परिवार छूटा नहीं है।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः–** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 74 राजस्व ग्रामों में फ्लशिंग व टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है, तथा 30 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कमिशनिंग की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि प्रगति धीमी है, जिन राजस्व ग्रामों में गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण हो चुका है, कार्यायोजना बनाकर 31 अक्टूबर, 2023 तक निरंतर रूप से जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा कमिशनिग वाले सभी ग्रामों/मोहल्ले में निरंतर रूप से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय असंतोष व्यक्त किया गया तथा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों नल संयोजन देने का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है कमिशनिंग पूर्ण करते हुए निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करायें। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक–25.10.2023 तक ट्रायल टेस्टिंग पूर्ण किये जा चुके सभी 70 ग्रामों में निरंतर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः–** फर्म के जनरल मैनेजर द्वारा बताया गया कि 07 राजस्व ग्राम के हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये जा चुके हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि 74 ग्रामों में ट्रायल टेस्टिंग तथा 30 ग्रामों में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है, इसके बावजूद इस सप्ताह मात्र 02 ग्रामों से हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया गया है, जबकि कार्यदायी फर्म द्वारा इस सप्ताह 25 ग्रामों का हर घर जल सर्टीफिकेट कराये जाने का आश्वासन दिया गया था। निर्देशित किया गया कि प्रत्येक सप्ताह 25–25 राजस्व ग्रामों का हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करें। महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म तथा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि जिन ग्राम पंचायतों के शतप्रतिशत परिवार "हर घर जल" से आच्छादित है उन ग्राम पंचायतों को "हर घर जल" से घोषित करते हुए ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव के हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र कराकर एवं ग्राम सभा की खुली बैठक में उक्त की जानकारी आम–जनमानस को देते हुए 02 मिनट का वीडियो तैयार कराकर IMIS पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें तथा हर घर जल सर्टीफिकेट घोषित किये जाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि पाइप लाइन बिछाने, गृह नल संयोजन तथा रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है।

**रोड रेस्टोरेशनः–** फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अभी तक 78 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया है एवं 53 राजस्व में कार्य शेष है, रोड़ रेस्टोरेशन हेतु 23 टीमें लगायी गयी हैं। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी फर्म उपलब्ध कराये गये कार्ययोजना के अनुसार कार्य नहीं कर रही हैं, जिससे अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। इस सप्ताह माह 01 राजस्व ग्राम में कार्य पूर्ण किया गया है जो खेदपूर्ण है तथा इससे स्पष्ट होता है कि फर्म के पास पर्याप्त मानवश्रम उपलब्ध नहीं है। अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, हमीरपुर द्वारा कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया कि रोड़–रेस्टोरेशन हेतु पर्याप्त टीमें लगाकर उपलब्ध कराये गये कार्ययोजना के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, सत्यापन कराकर फोटो सहित रिपोर्ट उपलब्ध करायें तथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा इस



Scanned with OKEN Scanner

आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये कि ग्राम में सत्यापन कर लिया गया है, पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क का पुर्ननिर्माण कार्य पूर्व की भाँति गुणवत्तापूर्ण करा दिया गया है तथा ग्राम में कोई भी मोहल्ला/गली रेस्टोरेशन हेतु शेष नहीं है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, महोबा निर्देशित किया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह योजना के समस्त घटकों पर पर्याप्त मानवश्रम का आभाव है, जिससे आपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है, किस कम्पोनेन्ट पर कितने मैनपावर लगे हैं, इसकी सूची अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, हमीरपुर को उपलब्ध करायें तथा आंकलन कर लें कि किन कम्पोनेन्ट पर और मैनपावर लगाये जाने की आवश्यकता है, आवश्यक मैनपावर फर्म के माध्यम से आवश्यक घटकों पर लगाना सुनिश्चित किया जाय।

**<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही एवं भूजल आधारित पाइप पेयजल योजना</u>**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का विस्तृत प्राक्कलन एस0डब्लू0एस0एम0 लखनऊ स्तर पर आमंत्रित निविदा प्रकिया द्वारा वर्ष 2020 मे किया गया तथा निविदा प्रकिया पूर्ण होने के उपरान्त 08.10.2020 को अनुबन्ध गठन हुआ। योजना अक्टूबर, 2022 तक पूर्ण की जानी थी, जिसका विस्तारीकरण एस0डब्लू0एस0एम0 लखनऊ द्वारा समय–समय पर किया गया है। हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना के माध्यम से कुरारा के 28 ग्राम सम्मिलित है तथा 11 ग्रामों की वाटर डिमांड ली गयी है तथा हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पेयजल योजना के माध्यम से विकास खण्ड मुस्करा, सरीला, राठ एवं गोहाण्ड के 166 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं।

**<u>हरौलीपुर ग्राम समूह सतही पेयजल योजना</u>–:**

हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 MLD), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 MLD), 12 नग अवर जलाशय तथा 05 नग सी0डब्लू0आर0, राइजिंगमेन 84.084 किमी0, वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 तथा 9636 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार विवरण निम्नवत है:–

**इन्टेकवेल:–** इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम हरौलीपुर के पास इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जा रहा है। कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अभिषेक वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि इंटेकवेल का सिविल कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

**डब्लू0टी0पी0:–** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि डब्लू0टी0पी0 (8MLD) का हरौलीपुर मे निर्माण कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है।

**सी0डब्लू0आर0:–**फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित सभी 5 नग सी0डब्लू0आर0 (देवीगंज, रिठारी, पुरई, पचखुरा एवं हरौलीपुर) का सिविल कार्य पूर्ण कर लिया गया है। योजना में कुल 06 मीटररूम का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी का कार्य पूर्ण हो चुका है। 05 पम्प हाउस के सापेक्ष सभी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सी0डब्लू0आर0 को निर्धारित कलर कोड के अनुसार कलर किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

**अवर जलाशय:–**पी0एन0सी0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि सतही स्त्रोत योजना के तहत 12 अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष सभी 12 अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि सभी अवर जलाशयों को निर्धारित कलर कोड के अनुसार कलर कराया जाय तथा पेयजल की आपूर्ति अवर जलाशयों के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित करें।

**राइजिंगमेन एवं वितरण प्रणाली:–**कार्यदायी एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित राईजिंगमेन 84.084 किमी0 पाइप बिछाने तथा वितरण प्रणाली पाइप 184.372 किमी0 बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर PNC-SPML(JV) को निर्देशित किया कि यदि किसी ग्राम में गैप क्लोजिंग का कार्य अवशेष हो तो पर्याप्त मानवश्रम लगाकर अवशेष कार्य



Scanned with OKEN Scanner

को मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, महोबा/सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0/डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 जॉच कर ले कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य किसी भी ग्राम पंचायत/मोहल्ले में शेष नही है।

**FHTC कनेक्शनः**–प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 9636 FHTC के सापेक्ष 9609 MDPE/गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी.एन.सी. प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि यदि कोई मोहल्ला/परिवार नल संयोजन किये जाने से शेष रह गये हो तो स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप अवशेष HTC का कार्य यथाशीघ्र शतप्रतिशत पूर्ण कराये तथा अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, महोबा/सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0/डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 जॉच कर ले कि नल संयोजन देने से कोई ग्राम पंचायत/परिवार शेष नही है।

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंग**– प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित 28 ग्रामों के सापेक्ष सभी 28 ग्रामों में फ्लशिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 22 राजस्व ग्रामों में निर्बाध रूप से जलापूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र सभी 28 राजस्व ग्रामों में पेयजल की निर्बाध रूप से आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा आश्वासन दिया गया कि 31 अक्टूबर, 2023 तक सभी ग्रामों की कमिशनिंग पूर्ण कर जलापूर्ति की जायेगी।

**रोड–रेस्टोरेशन** :– फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अभी तक 9 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण किया गया है एवं 19 राजस्व ग्रामों में शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रेस्टोरेशन की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया कि पाइप लाइन तथा नल संयोजन का कार्य लगभग शत–प्रतिशत पूर्ण होने के बावजूद मात्र 09 ग्रामों में रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है जो खेदजनक है, जिससे ग्रामीणों से निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। पर्याप्त टीमें लगाकर उपलब्ध करायी गयी कार्ययोजना के अनुसार सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि दिनांक–26.10.2023 तक रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, सत्यापन कराकर फोटो सहित रिपोर्ट उपलब्ध करायें तथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये कि ग्राम में सत्यापन कर लिया गया है, पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क का पुर्ननिर्माण कार्य पूर्व की भाँति गुणवत्तापूर्ण करा दिया गया है तथा ग्राम में कोई भी मोहल्ला/गली रेस्टोरेशन हेतु शेष नहीं है।

<u>हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल पाइप पेयजल योजना</u>–:

हरौलीपुर नलकूप आधारित योजनान्तर्गत 123 नग नलकूप, 118 नग अवर जलाशय, 1 नग सी0डब्लू0आर0 वितरण प्राणाली के लिए पाईप बिछाने का कार्य 977.42 किमी0, 103 नग स्टाफ क्वाटर तथा 53504 FHTC का कार्य किया जाना है, जिसका घटकवार प्रगति निम्नवत है:–

**नलकूपः**– कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि नलकूप आधारित योजना में प्रस्तावित 123 नग नलकूप के सापेक्ष 121 नलकूपों के बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 02 नलकूप काय कार्य शेष है। 102 कार्यस्थलों पर समर्सिबल इन्स्टालेशन का कार्य किया जा चुका है। योजना में कुल 121 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष 98 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, पम्प हाउस पर 44 टीमें लगी है, शेष कार्य दिनांक–25.11.2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पीएनसी को निर्देशित किया कि मैनपावर व मशीनरी लगाकर सभी नलकूपों पर एक साथ समान्तर रूप से कार्य करायें तथा विकसित किये गये नलकूपों जिनमें समर्सिबल इंस्टॉलेशन अवशेष है को यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा आश्वासन दिया गया कि 02 अवशेष नलकूपों का कार्य दिनांक–28.10.2023 पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण तथा सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 को निर्देशित किया कि नलकूप/पम्प हाउस पर लगाये गये मानवश्रम की सूची 02 दिवस के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



Scanned with OKEN Scanner

**अवर जलाशयः—** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 118 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 80 अवर जलाशयों पर टॉप डोम का कार्य पूर्ण, 19 नग पर (जिंग एलम पद्धति) बॉटम स्लैब कास्टिंग का कार्य पूर्ण कर लिया फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि जिंक एलम पद्धति के अवर जलाशयों पर 03 टीमें लगायी गयी हैं। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि अवर जलाशयों पर मानवश्रम बहुत कम हैं, जिससे आपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है तथा पूर्ण किये गये अधिकांशतः अवर जलाशय फंक्शनल नहीं है तथा पाइप फिटिंग का कार्य शेष है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अभिषेक वर्मा को निर्देशित किया कि 02 दिवस के अन्दर अवशेष अवर जलाशयों को पूर्ण करने की कार्ययोजना उपलब्ध कराते हुए तथा पर्याप्त मानवश्रम सभी अवर जलाशयों पर लगाकर समान्तर रूप से निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें एवं जिन अवर जलाशयों में पाइप फिटिंग का कार्य शेष है, कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं निर्धारित कलर कोड के अनुसार ही अवर जलाशयों को कलर कराया जाय तथा पेयजल की आपूर्ति अवर जलाशयों के माध्यम से की जाय। प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 द्वारा बताया गया कि अवशेष अवर जलाशयों का कार्य 08 नवम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा तथा दिनांक—16.10.2023 से और टीमें लगा दी जायेगी।

**वितरण प्रणालीः—** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित 982 किमी0 राइजिंगमेन बिछाये जाने के सापेक्ष 979.45 किमी. का कार्य पूर्ण हो चुका है, 2.55 किमी0 पाइप बिछाया जाना शेष है। सुपरविजन इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि एजेंसी द्वारा अभी तक गैप क्लोजिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एन0सी0 को निर्देशित किया कि गैप क्लोजिंग का कार्य पर्याप्त टीमें लगाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाईन एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**FHTC कनेक्शनः—** एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि योजना में 53504 FHTC के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 53211 HTC का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि विगत सप्ताह से नल संयोजन में कोई प्रगति नहीं हुई है। स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप नल संयोजन का कार्य शत–प्रतिशत यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी.एम.सी. व डी0टी0एल0 टी0पी0आई को निर्देशित किया गया कि ग्रामों में सत्यापन करा ले कि नल संयोजन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कोई ग्राम पंचायत/परिवार शेष नही है।

**रोड रेस्टोरेशनः—** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (नलकूप आधारित) 90 राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन किया जा चुका है तथा 77 राजस्व ग्रामों में कार्य अवशेष है, रेस्टोरेशन कार्यो में 40 टीमें कार्यरत हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोड रेस्टोरेशन कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया कि 53211 गृह नल संयोजन पूर्ण किये जाने के सापेक्ष अभी तक मात्र 90 राजस्व ग्रामों में ही रोड रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है, जो कार्यदायी एजेंसी की कार्य के प्रति लापरवाही को प्रदर्शित करता है, इससे ग्रामीणो को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है तथा ग्रामवासियों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, महोबा रेस्टोरेशन कार्य में लगी टीमों का सत्यापन करें कि किस साईट पर कितनी टीमें लगी हैं, नामों की सूची सहित 03 दिवस में उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि विगत सप्ताह से रेस्टोरेशन कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है, पर्याप्त मानवश्रम लगाकर रेस्टोरेशन का कार्य मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध रूप से कराना सुनिश्चित करें1 अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, सुपरविजन इंजीनियर पी0एम0सी0 तथा डी0टी0एल0, टी0पी0आई0 को निर्देशित किया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, सत्यापन कराकर फोटो सहित रिपोर्ट उपलब्ध करायें तथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये कि ग्राम में सत्यापन कर लिया गया है, पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क का पुर्ननिर्माण कार्य पूर्व की भाँति गुणवत्तापूर्ण करा दिया गया है तथा ग्राम में कोई भी मोहल्ला/गली रेस्टोरेशन हेतु शेष नहीं है।



Scanned with OKEN Scanner

**टेस्टिंग एवं कमिशनिंगः–** कार्यदायी फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल भूजल योजना में 165 ग्रामों के सापेक्ष 144 राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसमें से 122 राजस्व ग्रामों में निरंतर रूप से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियंता-जल निगम ग्रामीण द्वारा बताया गया कि कमिशनिंग पूर्ण किये गये सभी ग्रामों में निरंतर पेयजल आपूर्ति नहीं की जा रही है, बीच–बीच में सप्लाई बन्द कर दी जाती है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कमिशनिंग कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा विगत सप्ताह 127 ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति करना बताया गया था। निर्देशित किया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह भूजल योजना जिनमें गृह नल संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, सभी राजस्व ग्रामों में टेस्टिंग कमिशनिंग का कार्य पूर्ण करायें।

**हर घर जल सर्टीफिकेटः–** कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह सतही/भूजल योजना के अन्तर्गत 57 राजस्व ग्रामों के हर घर जल सर्टीफिकेट पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 122 राजस्व ग्रामों में निरन्तर पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिसके सापेक्ष अभी मात्र 57 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किये गये हैं, जो असंतोषजनक है। फर्म द्वारा इस सप्ताह 40 हर घर जल सर्टीफिकेट पूर्ण किये जाने का आश्वासन दिया गया था, किन्तु मात्र 05 सर्टीफिकेट ही प्राप्त किये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म PNC-SPML(JV) के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि इस सप्ताह 40 और हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें तथा उसके पश्चात साप्ताहित कार्ययोजना बनाकर नल संयोजन पूर्ण किये जा चुके सभी ग्रामों को हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म तथा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत जो शतप्रतिशत परिवार "हर घर जल" से आच्छादित है उन ग्राम पंचायतों को "हर घर जल" से घोषित करते हुए ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव के हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र कराकर एवं ग्राम सभा की खुली बैठक में उक्त की जानकारी आम–जनमानस को देते हुए 02 मिनट का वीडियो तैयार कराकर IMIS पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें तथा हर घर जल सर्टीफिकेट घोषित किये जाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि पाइप लाइन बिछाने, गृह नल संयोजन तथा रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाय।

**अनापत्ति प्रमाण पत्रः–** सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 द्वारा बताया गया कि सभी आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र सम्बन्धित विभागों से प्राप्त किये जा चुके हैं।

**विद्युत संयोजनः–** सहायक अभियंता वि0/यां0, एस0डब्लू0एस0एम0, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (भूजल) के अन्तर्गत कुल 67 नग विद्युत संयोजन के सापेक्ष 59 विद्युत संयोजन का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजना के अन्तर्गत कुल 06 विद्युत कनेक्शन किया जाना है, सभी 06 नग विद्युत संयोजन का कार्य पूर्ण कर लाइन को उर्जीकृत किया जा चुका है। सहायक अभियंता वि0/यां0, एस0डब्लू0एस0एम0, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया कि कार्यदायी फर्म द्वारा अभी तक 03 सोलर पैनल के अधिष्ठापन का कार्य नही किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि पर्याप्त मैनपावर लगाकर यथाशीघ्र सोलर पैनल के अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करायें। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) तथा डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0 सोलर पैनल अधिष्ठापन हेतु लगाये गये टीमों का सत्यापन कर 03 दिवस के अन्दर सूची उपलब्ध करायें।

पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत 10 नग विद्युत संयोजन किया जाना है, जिसमें से 10 नग विद्युत संयोजनों पर विद्युत पोल तथा तार लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 06 नग विद्युत संयोजन को ऊर्जीकृत किया जा चुका है। शेष 04 नग विद्युत संयोजन चन्दपुरवा, स्वासा बुजुर्ग छिरका तथा भवानी हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय से अनापत्ति प्रमाण प्राप्त न होने के कारण विद्युत संयोजनों को ऊर्जीकृत नहीं किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि विद्युत सुरक्षा निदेशालय से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र एन0ओ0सी0 प्राप्त कर अधिशासी अभियंता, वि0/यॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सहायक अभियंता वि0/यां0, एस0डब्लू0एस0एम0, हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 03 कार्यस्थल चन्दपुरवा, मिहुना तथा पचखुरा ट्रांसफार्मर अभी तक चार्ज नहीं किया गया है, 03 कार्यस्थलों लिंगा, जमखुरी, नौहाई एवं बरेल में ट्रांसफार्मर खराब है, अलकछवा, धौहल बुजुर्ग व मैसाय मे ट्रांसफार्मर इन्सटॉल नहीं किया गया है,



Scanned with OKEN Scanner

अकौना में ट्रांसफार्मर मेन लाइन से नहीं जोड़ा गया है। 10 कार्यस्थलों बसेला, सैदपुर, इटौरा राठ, टोला राठ, कैथा, नौहाई, कुलेहडां, औंता, इस्लामपुर तथा न्यूरिया में 03 फेज आपूर्ति नहीं हो रही है, 02 कार्यस्थल धगवां व बरहरा में में विद्युत तार टूटने से आपूर्ति बाधित है, बहदीना अछपुरा में वि0ख0 मुस्करा में अभी तक विद्युत कनेक्शन उर्जीकृत नहीं किया गया है तथा मसगॉव में मीटर इन्सटाल नहीं किया गया है। अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, राठ द्वारा बताया गया कि विद्युत लाइन चार्ज करने, खराब ट्रांसफार्मर को बदलने, नया ट्रांसफार्मर लगाने तथा अन्य विद्युत कनेक्शन सम्बंधी समस्या का समाधान यथाशीघ्र कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, राठ को निर्देशित किया कि उपरोक्त समस्याएं विगत 03 माह से लम्बित हैं, पिछली बैठक में बताया गया था कि साइटों पर आ रही विद्युत सम्बंधी समस्याओं निराकरण करा दिया गया है, जो अभी तक ठीक नहीं किये गये हैं, यह स्थिति असंतोषजनक है। अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0 राठ विद्युत सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण 07 दिवस के अन्दर कराना सुनिश्चित करें तथा सहायक अभियंता वि0/यां0, एस0डब्लू0एस0एम0, हमीरपुर को निर्देशित किया कि जिन साइटों पर विद्युत सम्बंधी समस्या आ रही हैं, उनकी सूची अधिशासी अभियंता, वि0वि0ख0, राठ को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## पुर्नगठन पेयजल योजना

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन की पुर्नगठन योजना में 11 पैकेज के कुल 108 ग्राम आच्छादित हैं। पुर्नगठन योजना का अनुबंध अगस्त, 2023 में किया गया है तथा योजना को माह दिसम्बर, 2023 तक पुर्ण किया जाना है।

**1–मै0 अनिल कुमार:–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 07 के अन्तर्गत कुल 03 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है, जिसमें पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना से वाटर डिमांड ली गयी है तथा योजना में 04 नलकूप, 01 सी0डब्लू0आर0, 02 अवर जलाशय, 27.19 किमी0 पाइप लाइन तथा 1643 नग नल संयोजन किया जाना है।फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि सी0डब्लू0आर0 तथा अवर जलाशयो का मृदा परीक्षण किया जा चुका है तथा रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त एन0आई0ई0टी0 से ड्राइंग एवं डिजाइन एप्रूव करायी जायेगी। 27.19 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 3.5 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है, पाइप लाइन बिछाने के लिए 01टीम (25आदमी) लगायी गयी है तथा 75 नल संयोजन कराये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने तथा गृह नल संयोजन हेतु लगायी गयी टीमों की संख्या कम है। पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस सप्ताह और टीमें लगायी जायेगी।

**2–मै0 श्री हरि इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा0 लि0:–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 01, 03, 04, 06 के अन्तर्गत कुल 45 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 07 सी0डब्लू0आर0, 25 अवर जलाशय, 53 नलकूप, पम्प हाउस 53, तथा 307.20 किमी0 पाइप लाइन बिछाये जाने का कार्य किया जाना है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अवर जलाशयो के निर्माण हेतु 18 स्थलों तथा 07 सी0डब्लू0आर0 का मृदा परीक्षण किया गया है, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त एन0आई0ई0टी0 से ड्राइंग एवं डिजाइन एप्रूव करायी जायेगी। योजना में 307.20 पाइप लाइन बिछायी जानी है, जिसके सापेक्ष 69.4 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है तथा पाइप लाइन बिछाने हेतु 10 टीमें लगायी गयी है। 01 नग नलकूप पर एम0एस0 पाइप लोवरिंग का कार्य एवं 02 स्थानों पर बोरिंग का कार्य किया गया है तथा 612 नल संयोजन का कार्य किया गया है, तथा बोरिंग हेतु 03 रिंग मशीन लगायी गयी हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य समयान्तर्गत पूर्ण किये जाने हेतु टीम कम हैं, 05 और टीमें लगाई जाय तथा नलकूप बोरिंग हेतु लगायी गयी मशीनों की संख्या कम है, 03 और रिंग मशीनें लगाना सुनिश्चित करें तथा सभी कम्पोनेन्ट पर पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी लगाकर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस सप्ताह तक 03 और रिंग मशीने तथा पाइप लेंइंग हेतु 05 और टीमें लगायी जायेगी।

**3–मै0 बी0के0 कंस्ट्रक्शन एण्ड कम्पनी:–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 08, 09 के अन्तर्गत कुल 26 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 11 अवर जलाशय, 31 नलकूप, 193.66 किमी0 पाइप लाइन तथा 13222 नग नल संयोजन किया जाना है। 07 अवर जलाशयो के निर्माण स्थल का मृदा परीक्षण किया जा चुका है, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त



Scanned with OKEN Scanner

एन0आई0ई0टी0 से ड्राइंग एवं डिजाइन एप्रूव करायी जायेगी। 14 टीम लगाकर 193.66 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 87.60 किमी पाइप लाइन बिछाने व 07 टीम लगाकर 3540 नग नल संयोजन का कार्य किया गया है। अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि नलकूपों का कार्य अभी तक प्रारम्भ नही कराया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि नलकूप कार्य के लिए इस सप्ताह 02 रिंग मशीने आ रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि नलकूपों की बोरिंग हेतु न्युनतम 04 रिंग मशीने लगाना सुनिश्चित करें तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाकर नलकूप, पम्प हाउस, पाइप लेइंग, एच0टी0सी0 आदि का कार्य कार्ययोजना के अनुसार ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप करायें।

**4–मै0 नरेन्द्र कुमार गुप्ता, कॉन्ट्रेक्टर–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 02 के अन्तर्गत कुल 05 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 02 सी0डब्लू0आर0, 03 अवर जलाशय, 16 नलकूप, 16 पम्प हाउस, 68.60 किमी0 पाइप लेइंग तथा 6121 नग नल संयोजन किया जाना है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अवर जलाशयो के निर्माण हेतु 02 सी0डब्लू0आर0 के निर्माण हेतु मृदा परीक्षण किया गया है, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त एन0आई0ई0टी0 से ड्राइंग एवं डिजाइन एप्रूव करायी जायेगी। 68.60 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 17.56 किमी पाइप लाइन बिछाने का कार्य तथा 15 नग नल संयोजन का कार्य किया गया है व 02 नलकूपों की बोरिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए 01 रिंग मशीन लगायी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि नलकूप बोरिंग हेतु 03 और रिंग मशीन लगाना सुनिश्चित करें तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें।

**5–मै0 अवस्थी ट्यूबेल कम्पनी–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 05 के अन्तर्गत कुल 11 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 08 अवर जलाशय, 14 नलकूप, 14 पम्प हाउस, 87.162 किमी0 पाइप लाइन तथा 6140 नग नल संयोजन का कार्य किया जाना है। अवर जलाशयो के निर्माण हेतु 06 स्थलों का मृदा परीक्षण किया गया है तथा 02 नग अवर जलाशयों के फाउन्डेशन का कार्य प्रगति पर है। 87.162 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 52.60 किमी पाइप लाइन बिछाने तथा 641 नल संयोजन का कार्य किया गया है। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा बताया गया कि अभी तक फर्म द्वारा नलकूपों का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि पर्याप्त रिंग मशीन लगाकर नलकूप का कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ कराया जाय तथा कि पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराया जाय।

**6–मै0 जय माँ लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन :–** अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि पुर्नगठन योजना में पैकेज संख्या 10 व 11 के अन्तर्गत कुल 18 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। योजना में 07 अवर जलाशय, 18 नलकूप, 18 पम्प हाउस, 211.49 किमी0 पाइप लाइन तथा 16850 नग नल संयोजन किया जाना है।फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 07 अवर जलाशयो के निर्माण स्थल का मृदा परीक्षण किया जा चुका है, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त एन0आई0ई0टी0 से ड्राइंग एवं डिजाइन एप्रूव करायी जायेगी। 211.49 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 36.20 किमी पाइप लाइन बिछाने व 780 नग नल संयोजन का कार्य किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि इस सप्ताह नलकूपों की बोरिंग के लिए 02 मशीने लगायी जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को नलकूपों हेतु 06 मशीने लगाना सुनिश्चित करें जिससे निर्धारित समयावधि के अन्दर नलकूपों का कार्य पूर्ण किया जा सके। निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाकर सभी कम्पोनेन्ट पर एक साथ तथा कार्ययोजना के अनुसार ड्राइंग डिजाइन एवं मानकों के अनुरूप कार्य कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि अगली समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं के किन कार्यस्थलों पर कितनी मैनपावर लगायी गयी है तथा शेष कार्य माह नवम्बर तक पूर्ण किये जाने हेतु और कितने मानवश्रम की आवश्यकता होगी इसकी सूची उपलब्ध करायें। पुनर्गठन योजनाओं में किन्ही घटकों के निर्माण हेतु यदि भूमि की आवश्यकता हो उसकी सूची यथा शीघ्र उपलब्ध करायें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यदायी फर्मो द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों व ऑगनबाड़ी केन्द्रों में नल संयोजन कराना सुनिश्चित किया जाय। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक विद्यालयों तथा ऑगनबाड़ी केन्द्रों में 141 नल संयोजन किये गयें हैं तथा शेष में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा को निर्देशित किया गया कि कराये गये उक्त नल संयोजनों का सत्यापन कराते हुए जीयोटैगिंग तथा फोटोसहित सूची 07 दिवस के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त कार्यदायी फर्मो तथा अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि योजना से आच्छादित सभी ग्रामों में स्टैंड पोस्ट लगाये, जिसके लिए जगह का चिन्हीकरण करा लिया जाय जिससे अधिक–अधिक ग्रामीण उसका लाभ उठा सके यथा ऑगनबाड़ी केन्द्र तथा ग्राम सचिवालय। अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर

Scanned with OKEN Scanner

से ग्राम प्रधानों के माध्यम से ग्रामों में स्टैंड पोस्ट लगवाने हेतु जगह का चिन्हीकरण कराते हुए सूची प्राप्त कर ली जाय।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी लगाकर समय से प्रस्तावित कार्य निर्धारित ड्राइंग डिजाइन एवं गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाय, जिससे जनसामान्य को असुविधा न हो तथा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि कार्य सम्पादन में जो सडक/सी.सी. रोड/गलियां छतिग्रस्त हो गयी हों, उनके पुर्ननिर्माण का कार्य पूर्व की स्थिति के अनुसार गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न हो गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, पी०एम०सी०, टी०पी०आई० को निर्देशित किया गया कि सत्यापन करा लिया जाय कि राजस्व ग्राम के सभी परिवारों में गृह नल संयोजन दिये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, कोई भी परिवार छूटा नही है तथा राजस्व ग्राम के सभी मोहल्ला/गली/वार्ड में रोड-रेस्टोरेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। कार्ययोजना के अनुसार कमिशनिंग कराया जाय, ग्रामों में पेयजल की टेस्टिंग/ट्रायल शुरू कराने के बाद इसे बन्द न किया जाय, निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय। ग्राम में शत-प्रतिशत कनेक्शन तथा रोड रेस्टोरेशन कराकर 'हर घर जल' ग्राम घोषित कराया जाय। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जे०जे०एम० पोर्टल पर जनपद से सूचनाएं सही-सही फीड की जाय, इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अधिशासी अभियंता, जल निगम ग्रामीण, महोबा की होगी। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), महोबा, टी०पी०आई० तथा पी०एम०सी० व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कराये तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(राजेश कुमार यादव)
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

<u>कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर</u>

***(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)***

पत्र संख्या-331 /न०गंगे-पेय०परि०-स०बै०(2022-23) दिनांक-17 अक्टूबर ,2023

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-

1. प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ। (ई-मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक महोदय, एस०डब्लू०एस०एम०, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।(ई-मेल)
4. मुख्य विकास अधिकारी, हमीरपुर।
5. मुख्य अभियन्ता, एस०डब्लू०एस०एम०, लखनऊ। (ई-मेल द्वारा)
6. अधीक्षण अभियन्ता, एस०डब्लू०एस०एम०, लखनऊ।(ई-मेल द्वारा)
7. अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड, हमीरपुर/राठ।
8. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), महोबा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सतत पर्यवेक्षण करते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन व गुणवत्ता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। (ई-मेल द्वारा)
9. अधिशासी अभियन्ता वि०/यां०, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
10. टीम लीडर पी०एम०सी०(आर०वी० एसोसिएट्स)/टीम लीडर, टी०पी०आई०(सेन्सिस टेक लि०) हमीरपुर।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी०एन०सी०/जनरल मैनेजर, जे०डब्लू०आई०एल०, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
12. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ।
13. स्टेट हेड, पी०एन०सी०/जे०डब्लू०आई०एल०। (ई-मेल द्वारा)

17/X/2023
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner